# अध्याय -9 | यशपाल

## QUIZ-01

1. नवाब साहब ने खीरों को खिड़की से बाहर क्यों फेंक दिया?
A. पेट भरने के कारण
B. तबीयत खराब होने के कारण
C. अमीरी दिखाने के लिए
D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने खीरे अमीरी और लखनवी शान दिखाने के लिए खरीदे, लेकिन खाए नहीं—बल्कि खिड़की से फेंक दिए ताकि दूसरों पर प्रभाव पड़े कि वे कितने अमीर और शौक़ीन हैं।

2. डिब्बे में लेखक के प्रवेश करते ही नवाब साहब की आँखों में कैसा भाव दिखा?
A. दुःख के B. ख़ुशी के
C. संतोष के D. असंतोष के (D)

*व्याख्या :* लेखक के आने से नवाब साहब को एकांत भंग हुआ, जिससे उनकी आँखों में असंतोष स्पष्ट दिखाई दिया।

3. नवाब साहब ने लेखक को क्या खाने का निमंत्रण दिया?
A. खीरा
B. बादाम
C. बिस्किट
D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने लेखक को खीरा खाने का निमंत्रण दिया, जो उनकी अमीरी और शिष्टाचार का प्रदर्शन था।

4. लेखक कनखियों से किसकी ओर देख रहे थे?
A. घर की तरफ
B. नवाब साहब की तरफ
C. खिड़की की तरफ
D. स्टेशन की तरफ (B)

*व्याख्या :* लेखक कनखियों से नवाब साहब की हरकतों और व्यवहार को गौर से देख रहे थे।

5. 'लखनवी अंदाज' नामक पाठ में किस पर व्यंग्य किया गया है?
A. सामंत वर्ग पर
B. सामान्य वर्ग प
C. गरीब जनता पर
D. उपरोक्त में से कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* इस पाठ में लखनवी नवाब के माध्यम से सामंत वर्ग की शान दिखाने की प्रवृत्ति पर व्यंग्य किया गया है।

6. अकेले सफ़र का वक्त काटने के लिए नवाब साहब ने क्या खरीदा था?
A. अख़बार B. पत्रिका
C. पुस्तक D. खीरा (D)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने अकेलापन दूर करने और दिखावे के लिए खीरे खरीदे थे।

7. नवाब साहब ने खीरे के साथ क्या किया?
A. काटकर लेखक को दे दिया
B. काट कर सूंघा और ट्रेन की खिड़की से बाहर फेंक दिया
C. उपरोक्त में से कोई नहीं
D. काट कर खा गए (B)

*व्याख्या :* नवाब साहब ने खीरे काटे, उन्हें सूंघा और फिर ट्रेन की खिड़की से बाहर फेंक दिया।

8. नवाब साहब को क्या गवारा न था?
A. लेखक से बात करना
B. मँझले दर्जे में यात्रा करते दिखना
C. खीरा खाना
D. B व C (D)

*व्याख्या :* नवाब साहब को यह गवारा नहीं था कि उन्हें मँझले दर्जे में यात्रा करते हुए और खीरे जैसे सामान्य वस्तु का उपभोग करते देखे।

9. नवाब साहब ने कौनसे क्लास का टिकट लिया।
A. सैकेण्ड क्लास
B. थर्ड क्लास
C. फर्स्ट क्लास
D. इनमें से कोई नही (A)

*व्याख्या :* किफ़ायत के हिसाब से और एकांत सफ़र के लिए सैकेण्ड क्लास का टिकट लिया।

10. लेखक ने नवाब साहब से खीरा न खाने का कारण क्या बताया?
A. तलब महसूस नहीं हो रही।
B. मेदा भी ज़रा कमजोर है।
C. उन्हें खीरा पसंद नहीं है।
D. A व B (D)

*व्याख्या :* लेखक ने झूठमूठ का बहाना बनाया कि उन्हें तलब महसूस नहीं हो रही है और मेदा भी ज़रा कमजोर है।